# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अधीनस्थ पुलिस अधिकारीयों/कर्मचारीगणों के साथ पुलिस लाइन में स्थित परिवहन शाखा में परम्परागत तरीके से विश्वकर्मा पूजा-अर्चना की गयी तथा पुलिस परिवार को विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएँ दी गयी।**

देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा के अवतरण दिवस के अवसर पर आज दिनांक 17.09.2025 को डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनर द्वारा पुलिस लाइन में स्थित परिवहन शाखा में आयोजित शस्त्रों की पूजा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विधि-विधान से देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा पाठ किया गया तथा पूजन के बाद पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी को मिष्ठान वितरित कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, ASP/क्षेत्राधिकारी लाइन्स/सदर, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी परिवहन शाखा एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 17.09.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया

# प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा पति-पत्नी की काउंसिलिंग कर उनके मध्य चल रहे विवाद को दूर किया गया।**

आज दिनांक 17/09/2026 को थाना स्थानीय पर एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ कि पति द्वारा किसी और महिला से बात करने को लेकर पत्नी से विवाद था, जिस पर कार्यवाही के क्रम में दोनों पक्ष को थाने पर बुलाया गया दोनों पक्ष की बाते सुनी गई तथा मिशन शक्ति टीम द्वारा उचित काउंसिलिंग की सहायता से दोनों पक्ष के मध्य चल रहे विवाद को दूर किया गया काउंसिलिंग के उपरांत पत्नी अपने पति के साथ जाने को तैयार हो गई। विवाद के समाप्त होने पर दोनों पक्षों के परिवार जनों द्वारा पुलिस की प्रशंसा की गई तथा आभार व्यक्त किया गया

**मिशन शक्ति टीम-**
हे0का0 जितेंद्र सिंह
आरक्षी प्रदीप उपाध्याय
महिला आरक्षी शैल कुमारी

# प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम हिसामुद्दीनपुर की बालिकाओं/ महिलाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 17.09.2026 को विजय शंकर सिंह थानाध्यक्ष थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम हिसामुद्दीनपुर की बालिकाओं/ महिलाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

1. हे0का0 विजय गुप्ता
2. हे0का0 रविकांत गौड़
3. का0 जय सिंह यादव
4. कां0 सत्य प्रकाश यादव
5. म0आ0 अंजली वर्मा
6. म0आ0 बरखा रावत

## प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित प्रशासनिक भवन, बैरक, क्वार्टर गार्द, चिल्ड्रेन पार्क, भोजनालय आदि का निरीक्षण किया गया।**

**◆सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 17-09-2026 को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित प्रशासनिक भवन, बैरक, क्वार्टर गार्द, चिल्ड्रेन पार्क, भोजनालय आदि का निरीक्षण किया गया । तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । इस अवसर पर प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, विश्वजीत सौरयान(IPS) क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे ।

# प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम -चेतरा की बालिकाओं/ महिलाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में व जनार्दन प्रसाद, थानाध्यक्ष थाना पथऱा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 17.09.2026 को थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम -चेतरा की बालिकाओं/ महिलाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**
1-उ0नि0 मलखा प्रसाद
2-का0 सुदामा यादव
3-म0आ0 नूतन शर्मा

# प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम हसुडी की बालिकाओं/ महिलाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व पवीन प्रकाश, क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक अनील कुमार दूबे, थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 17.09.2026 को थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम हसुडी की बालिकाओं/ महिलाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 राजेंद्र शाही
2.आ0 पप्पू गौड
3.म0आ0 साधना यादव
4.म0आ0 रविता यादव
5.म0आ0 पल्लवी

## प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम -पंडित डिहवा में जनचौपाल लगाकर उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया व जागरुकता अभियान के पोस्टर चस्पा किये गये**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के निर्देशन व थानाध्यक्ष नरायन लाल श्रीवास्तव थाना कठेला समय माता के नेतृत्व में आज दिनांक17.09.2026 को मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत बालिकाओं/महिलाओं को सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर देश के सामने एक नयी मिशाल बनाकर पेश करने हेतु जागरूक किया गया जिसमें ग्राम-पंडित डिहवा थाना कठेला समयमाता में उपस्थित बालिकाओं/महिलाओं द्वारा इस कार्यक्रम को बहुत ही उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे आत्मविश्वास को मजबूत करते है तथा हमे अपने जीवन मे मजबूती के साथ सशक्त एवं निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है । सार्वजनिक स्थलो जैसे चौराहो/बाजारो/कोचिंग संस्थान को असमाजिक तत्वो व शोहदों/मनचलों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी/अभ्रदता/अश्लील प्रदर्शन व टिप्पणिओ कि घटना से बचने हेतु सभी को शासन द्वारा जारी महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन जैसे- 1090 वुमेन पावर हेल्पलाइन, यू0पी0 112 पुलिस सहायता हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 102 एम्बुलेंस सेवा (गर्भवती महिलाओं के लिए), 101 अग्निशमन हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 9454458050 थाने का सीयूजी नंबर, 9454408325 सीयूजी नंबर मिशन शक्ति केन्द्र से सम्बन्धित सेवाओं, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्राविधान(कवच परियोजना), नये अपराध, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा पीड़ित-केंद्रित प्राविधानों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया एवं हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं से संबंधित पैम्फलेट भी वितरित किए गये ।

**मिशन शक्ति टीम थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**

01.उ0नि0 शिवशंकर शर्मा

02.उ0नि0 नागेंद्र प्रसाद

03.म0का0 मीरा रानी

04.म0का0प्रिया

# प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना ढेबरूआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम ढेबरुआ में जनचौपाल लगाकर उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया व जागरुकता अभियान के पोस्टर चस्पा किये गये।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के निर्देशन व थानाध्यक्ष चन्द्रकान्त पाण्डेय थाना ढेबरुआ के नेतृत्व में आज दिनांक17.09.2026 को मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत बालिकाओं/महिलाओं को सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर देश के सामने एक नयी मिशाल बनाकर पेश करने हेतु जागरूक किया गया जिसमें ग्राम ढेबरुआ थाना ढेबरुआ में उपस्थित बालिकाओं/महिलाओं द्वारा इस कार्यक्रम को बहुत ही उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे आत्मविश्वास को मजबूत करते है तथा हमे अपने जीवन मे मजबूती के साथ सशक्त एवं निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। सार्वजनिक स्थलो जैसे चौराहो/बाजारो/कोचिंग संस्थान  को असमाजिक तत्वो व शोहदों/मनचलों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी/अभ्रदता/अश्लील प्रदर्शन व टिप्पणिओ कि घटना से बचने हेतु सभी को शासन द्वारा जारी महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन जैसे-  1090  वुमेन पावर हेल्पलाइन, यू0पी0 112 पुलिस सहायता हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 102 एम्बुलेंस सेवा (गर्भवती महिलाओं के लिए), 101 अग्निशमन हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 9454458050 थाने का सीयूजी नंबर, 9454408325 सीयूजी नंबर मिशन शक्ति केन्द्र से सम्बन्धित सेवाओं,  महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्राविधान(कवच परियोजना), नये अपराध,  प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा पीड़ित-केंद्रित प्राविधानों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया एवं हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं से संबंधित पैम्फलेट भी वितरित किए गये।

**मिशन शक्ति टीम थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।**

1.उ0नि0 सोमनाथ शर्मा

2.का0 बृजेश गौतम

3.म0आ0 कीर्ति कुमारी

## प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना उसका बाजार की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम- बंजारहा के महिलाओं/बालिकाओं को गुड टच, बैड टच महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 17/09/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी थाना उसका बाजार के नेतृत्व में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम- बंजारहा के महिलाओं/बालिकाओं को गुड टच, बैड टच महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया। तथा सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे बताया गया। मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी  देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइन 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 जयप्रकाश पांडे
2.म0का0 कालिंदी यादव
3.म0का0 खुशबू सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना मोहाना की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम-गुजरौलिया के महिलाओं/बालिकाओं को गुड टच, बैड टच महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 17/09/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह थाना मोहाना के नेतृत्व में थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम-गुजरौलिया के महिलाओं/बालिकाओं को गुड टच, बैड टच महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया। तथा सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे बताया गया। मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइन 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 सुनील सिंह

2.म0का0 अंजू वर्मा

# प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना उसका बाजार पुलिस की प्रभावी पैरवी से नाबालिग के साथ छेड़खानी के आरोपी को 03 वर्ष के कठोर कारावास व ₹5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 17.09.2026 को वाद सं0 840/2023 मु0अ0सं0 296/2023 धारा 354 भादवि व 7/8 पाक्सों एक्ट थाना उसका बाजार में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र कुमार माननीय न्यायालय एएसजे/स्पे0/पाक्सो जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त रामगुलाम लोधी पुत्र रामप्रसाद लोधी निवासी केवटलिया टोला तीनडिहवा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 354 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट में 03 वर्ष के कठोर कारावास व ₹5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक पवन कुमार कर पाठक तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी श्रीनिवास पासवान थाना उसका बाजार का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना बांसी पुलिस द्वारा  जानलेवा हमले के आरोपी वांछित आरोपी नाजायज चाकू के साथ किया गया गिरफ्तार।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर एवं क्षेत्राधिकारी बांसी के पर्यवेक्षण में थाना बांसी पुलिस द्वारा दिनांक 16/17.09.2026 की रात्रि में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभावी कार्यवाही के क्रम में रानीगंज तिराहा क्षेत्र में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चेकिंग/तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना पर मु0अ0सं0 117/2026 धारा 109 बीएनएस, थाना कोतवाली बांसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मिथिलेश यादव पुत्र विजय उर्फ झिनकू यादव, निवासी ग्राम सुपाराजा, थाना जोगिया उदयपुर, जनपद सिद्धार्थनगर, को पुलिस टीम द्वारा मौके गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त के पास से एक अदद अवैध चाकू बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी की सम्पूर्ण कार्यवाही नियमानुसार करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01-मिथिलेश यादव पुत्र विजय उर्फ झिनकू यादव निवासी ग्राम सुपाराजा, थाना जोगिया उदयपुर, जनपद सिद्धार्थनगर।

**बरामदगी-**

- 01 अदद अवैध चाकू

**पुलिस टीम-**

01. प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।
02. उ0नि0 चतुर्भुज पाठक, थाना कोतवाली बांसी
03. मु0आ0 राजेश कुमार बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।
04. आरक्षी घनश्याम यादव बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।
05. आरक्षी मुकेश शर्मा, कोबरा मोबाइल बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।
06. आरक्षी दिलीप निषाद, कोबरा मोबाइल बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ थाना मोहाना पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन पर व विश्वजीत सौरयान (IPS) क्षेत्राधिकारी सदर, सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 17.09.2026 को अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी के तहत थाना मोहाना पुलिस द्वारा सेशन केश संख्या 782/2022, अपराध संख्या 257/2022 थाना मोहाना से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का विवरण-**

1- सुलेमान पुत्र शेर अली साकिन वर्डपुर नं0 02 टोला बसन्तपुर थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 सुदीप कुमार यादव चौ0प्र0 लालपुर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना लोटन पुलिस टीम द्वारा 02 बोरी यूरिया खाद व 01 अदद साइकिल बरामद कर अन्तर्गत धारा-11 कस्टम अधिनियम में कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर* के निर्देशन में व श्री विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रदीप कुमार सिंह थानाध्यक्ष लोटन मय टीम द्वारा आज दिनांक 17/09/2026 को अपराध एवं अपराधियों व रोकथाम तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना लोटन पुलिस टीम के द्वारा 02 बोरी यूरिया खाद व 01 अदद साइकिल के साथ एक अभियुक्त को वहद गांव भुसौला अदाई से वफासला 08 किमी उत्तर नेपाल राष्ट्र को जाने वाली पकडण्डी से इण्डो नेपाल बॉर्डर पर पर चेकिंग के दौरान बरामद किया गया बरामद शुदा सामान को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का  विवरण-**

01. हकीम पुत्र मो0अली ग्राम हरिवंशपुर थाना लोटन जनपद सिद्धार्थ नगर उम्र 31 वर्ष

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1.SI रमेश कुमार यादव चौकी प्रभारी हरिवंशपुर थाना लोटन जनपद सिद्धार्थ नगर

2.HC कन्हैया यादव चौकी हरिवंशपुर।

3.HC गंगोली कुमार चौकी हरिवंशपुर।

# प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, गणेश चतुर्दशी व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त, चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 17.09.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, गणेश चतुर्दशी व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने तथा किसी भी खबर को बिना सत्यापित किये प्रसारित न करने की अपील की गयी।

प्रेस नोट दिनांक 17.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ कमांडेंट 43वीं वाहिनी SSB व थाना मोहाना पुलिस द्वारा ककरहवा बॉर्डर क्षेत्र में संयुक्त रुप से भ्रमण/गश्त किया गया।

आज दिनांक 17.09.2026 को श्री उज्ज्वल दत्ता, कमांडेंट 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (SSB) एवं जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष थाना मोहाना मय पुलिस टीम द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के दृष्टिगत ककरहवा बॉर्डर क्षेत्र में संयुक्त रूप से पैदल गश्त एवं भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान सीमा स्तम्भों का निरीक्षण कर सीमा की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया तथा सीमावर्ती ग्रामों के ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय लोगों से वार्ता कर सीमा पर होने वाली संदिग्ध गतिविधियों, अवैध तस्करी, मानव तस्करी एवं नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम हेतु जानकारी साझा करने की अपील की गई। इस दौरान थाना मोहाना पुलिस व SSB के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।